तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा ने साबित कर ...





11 विशेष समुदाय के मतदाताओं का हटाया जा रहा नाम...




## खबर संक्षेप



### शिक्षक संघ के सतीश बनाए गए जिलाध्यक्ष

**जगदलपुर।** प्रदेश शिक्षक महासंघ ने अपनी कार्यप्रणाली का विस्तार करते हुए सतीश श्रीवास्तव को बस्तर जिले का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रांत अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी के अनुमोदन पश्चात उत्तम सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांकेर टीम साथ जिले के शिक्षकों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र दिया गया। सतीश को यह दायित्व विगत पदोन्नति में किए गए प्रयासों के फलस्वरुप दिया गया।

### मेक जॉन एकेडमी में शान से लहराया तिरंगा



**जगदलपुर।** शहर के हृदय स्थल लाल चर्च के सामने मेक जॉन एकेडमी में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा शान से लहराया। मुख्य अतिथि बिशप रेव्ह एस. सुना, विशिष्ट अतिथि रेव्ह लॉरेंस दास, बस्तर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष जे. बेचक, एकेडमी के उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन, पूर्व जिला प्रॉपर्टी कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र जॉन, शांति नगर वार्ड पार्षद जोस्टिन भवानी, प्रधानाध्यापिका सुजिता कांत ने ध्वज फहराया। प्रमुख आकर्षण के केंद्र विभिन्न नन्हे मुन्ने द्वारा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, रानीलक्ष्मी बाई, भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनकी वेशभूषा धारण किए बने।

### भगवा कप फुटबॉल स्पर्धा का विजेता बना नगरनार



**जगदलपुर।** भगवा कप फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यंग स्टार क्लब और नगरनार स्पोर्टिंग क्लब के मध्य हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बिना गोल किए बराबरी पर रहे। पेनाल्टी में नगरनार की टीम 3-2 से विजेता बनी। दोनों टीम को ट्रॉफी और नगद राशि का ईनाम दिया गया। निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य, सुमीत नाग, अगेंद्र नाग तथा राहुल लाल रहे।

# 7 घंटे के अथक प्रयास के बाद बाधित केके रेल मार्ग हुआ बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- किरंदुल-विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस को जरटी में रोका गया, मार्ग परिवर्तन की संभावना

7 घंटे के अथक प्रयास से बाधित केके रेल मार्ग बहाल हो गया। रेल कर्मियों, मजदूरों और क्रेन की सहायता से पटरी से उतरे दोनों डिब्बे पटरी से हटाए गए। मंगलवार की रात लगभग 9 बजे कोरापुट जंक्शन आउटर में मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए थे। रातभर जोरशोर से रेलकर्मी, मजदूर और क्रेन की सहायता से पटरी से उतरे दोनों डिब्बे को किनारे किया गया। क्षतिग्रस्त रेल पटरी को हटाकर नया पटरी बिछाई गई। ओएचई और सिंगलिंग सिस्टम को दुरुस्त किया, तब जाकर बुधवार भोर सुबह सवा 4 बजे लाइन बहाल हुई। विदित हो कि किरंदुल-कोट्टावालसा (केके) रेललाइन पर ओडिशा के कोरापुट जंक्शन आउटर में सोमवार रात करीब 9 बजे एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। यह मालगाड़ी नगरनार स्टील प्लांट से क्वाइल लोहे की चादर लेकर विशाखापटनम जा रही थी। घटना डाउन लाइन में हुई, जिससे केके रेललाइन सोमवार रात 9 बजे से बुधवार तड़के सवा 4 बजे तक पूरी तरह बाधित रही।

### क्रेन की सहायता से दोनों डिब्बे पटरी से हटाए गए

#### जांच की जा रही

किरंदुल-विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस को जरटी स्टेशन में रोकना पड़ा। रेल प्रशासन के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर नाइट एक्सप्रेस को अप लाइन से निर्धारित मार्ग अथवा रायगढ़ा-विजयनगरम परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जा सकता है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। कोरापुट के रेल अधिकारी मौके पर मौजूद हैं जबकि जगदलपुर से भी रेल अधिकारी रवाना हुए हैं और जांच की प्रक्रिया जारी है।



#### कोचिंग ट्रेनों में अस्थायी परिवर्तन, होगा अल्प विराम

विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पवन कुमार के अनुसार केके रेललाइन में चल रहे नवीनीकरण एवं सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण कुछ कोचिंग ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। विशाखापटनम से 28 जनवरी से 9 फरवरी तक चलने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापटनम-किरंदुल पैसेंजर का दंतेवाड़ा में अल्प विराम होगा। वहीं वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापटनम पैसेंजर 29 जनवरी से 10 फरवरी तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से संचालित की जाएगी।

### 15 वर्षों बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ आत्मिक पुनर्जागरण

# साड़गुड़ में एक ही परिवार के 13 सदस्यों की सनातन धर्म में कराई गई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खास खबर

- बिना दबाव बिना प्रलोभन अपनी जड़ों की ओर लौटने का संकल्प

बस्तर जिले के नानगुर तहसील अंतर्गत ग्राम साड़गुड़ में आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उदाहरण सामने आया, जब पिछले करीब 15 वर्षों से ईसाई पंथ से जुड़े एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने स्वेच्छा से सनातन धर्म में घर वापसी की। ग्राम समाज एवं क्षेत्र के वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति में पारंपरिक विधि-विधान और रीति-रिवाजों के साथ यह आयोजन सम्पन्न हुआ,जिसने पूरे गांव में सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का संदेश दिया।

परिवार के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय पूरी तरह उनकी स्वतंत्र इच्छा से लिया गया है, जिसमें किसी प्रकार का दबाव या प्रलोभन नहीं रहा। उन्होंने कहा कि अपनी मूल संस्कृति, परंपराओं और पूर्वजों की आस्था से जुड़ाव की भावना ही उन्हें पुनः सनातन मार्ग की ओर ले आई। समाज के साथ रहकर सकारात्मक गतिविधियों में सहभागी बनना ही व्यक्ति और समुदाय दोनों की सशक्त पहचान है, जबकि समाज से कटकर की गई गतिविधियां न व्यक्ति का हित करती हैं और न ही समाज का। इस निर्णय को उपस्थित समाज प्रमुखों एवं ग्रामीणों ने आत्मिक पुनर्जागरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।







#### इन्होंने की घर वापसी

घर वापसी करने वाले में बघेल परिवार के सदस्य लखेश्वर,शांति, रामचरण, प्रभुदास, सनमती, निलकुमारी, कौशल्या, साहिल, शुभम, प्रतीक,हर्षिता, आनंद एवं अनन्या। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख समाज प्रतिनिधि महारा समाज कचरा पाठी परगना संरक्षक एवं विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, धनुजय कश्यप, पीलाराम नाग, धनसाय भारती, देवी सिंह बघेल, शोभाबती बघेल, धबलू कश्यप, मदन कश्यप, सुरेंद्र चालकी, समत बघेल, जीवन दास, सुखराम कश्यप, तुलाराम, भोला मरकाम, विहिप जिला धर्म प्रसार प्रमुख देवेन्द्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मलित थे।

#### सामाजिक सहभागिता

कार्यक्रम में समाज प्रमुखों की उपस्थिति में पारंपरिक पूजा-अर्चना,सामाजिक संवाद और सांस्कृतिक विधानों के साथ घर वापसी संपन्न हुई। आयोजन के दौरान समाज की एकता, पूर्वजों की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित समाज प्रतिनिधियों ने परिवार के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला कदम बताया।

# पैसेंजर ट्रेन से गांजा तस्करी 21.71 किलो पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- संयुक्त कार्रवाई में डॉग स्क्वाड की सूझबूझ से पकड़ाया

रेलवे मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी चोट करते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान के दौरान एक गांजा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर 27 जनवरी को विशाखापटनम-किरंदुल पैसेंजर ट्रेन से मादक पदार्थ की तस्करी की आशंका जताई गई थी। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल, डॉग स्क्वाड एवं एलपीएस की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर में सतर्क निगरानी शुरू की। शाम 5:50 बजे ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही एक व्यक्ति दो पिट्ठू बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में उतरता दिखाई दिया। उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर टीम ने उसे बुकिंग काउंटर के पास रोककर पूछताछ की। बैगों के संबंध में संतोषजनक जवाब न मिलने पर डॉग स्क्वाड की सहायता से तलाशी ली गई, जिसमें हल्के भूरे रंग की टेप से लिपटे गांजा के पांच पैकेट बरामद हुए। मौके पर ही फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के साथ विधिवत जप्ती की गई। जब्त गांजे का वजन 21.71 किलोग्राम पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जब्त मादक पदार्थ के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एलपीएस बोधघाट ले जाया गया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

#### कार्रवाई में ये रहे सम्मिलित

*इस कार्यवाई में मुख्य भूमिका आरपीएफ पोस्ट के उप निरीक्षक बी सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक जे मुरली, डॉग स्क्वाड के एएसआई जीडी बत्रा, कांस्टेबल सोनू मीणा व अन्य सम्मिलित थे। उक्त जानकारी आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज प्रवीण कुमार ने दी।*

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 7 वाहन व मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



खनिज जांच दल एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले के बालपेट एवं बालूद क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। मौके पर पंचनामा तैयार कर 7 वाहन, मशीन जब्त किए गए, जिनमें अवैध परिवहन में प्रयुक्त 5 ट्रैक्टर तथा अवैध उत्खनन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन एवं 1 ट्रैक्टर लोडर शामिल हैं। जप्त सभी वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एवं उप संचालक योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। उक्त प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4) के तहत जप्ती की कार्रवाई करते हुए धारा 21(5) के अंतर्गत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक अश्वनी झाड़ी सहित जिला खनिज जांच दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी का चलित प्रयोगशाला वाहन 4 माह से बिना काम खड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

### नोडल अधिकारी के सेवानिवृत्त होने से टीम नहीं

अलग खबर

- 3 साल से बस्तर संभाग की 150 सड़कों की गुणवत्ता जांच

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सुस्ती के कारण चलित प्रयोगशाला वाहन का उपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे लगभग एक साल से नई सड़कों की गुणवत्ता जांच ठप पड़ी है। अफसरों के पास समय न होने और अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण खराब गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण के बावजूद जांच नहीं हो रही है। विभाग के चलित प्रयोगशाला वाहन, जो सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए जिम्मेदार है, पिछले 4 महीनों से टीम की कमी के कारण बेकार खड़ा है। इस मशीनरी के निष्क्रिय होने से सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी नहीं हो पा रही है।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर जोन में पहली बार दिसंबर 2022 को चलित प्रयोगशाला वाहन पहुंची। उसके बाद अब तक सातों जिलों में लगभग 150 सड़कों का गुणवत्ता की जांच की गई। चलित प्रयोगशाला वाहन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता सीएस कोमरे का सेवानिवृत्त अक्टूबर 2025 में हो गया, उसके बाद से वाहन की टीम टूट गई, जिससे प्रयोगशाला से सड़कों की जांच बंद हो गई। इस वाहन में लगभग नोडल अधिकारी सहित 6 अधिकारी, कर्मचारी रहते थे। बताया जा रहा है कि चलित प्रयोगशाला वाहनों से सड़कों की तत्काल मौके पर जांच ऑन-साइट टेस्टिंग से घटिया सामग्री का उपयोग करने वाले ठेकेदारों में हड़कंप मच गया था। वाहन से खराब सड़कों गुणवत्ता और सामग्री की हेराफेरी को पकड़ने में सहायक सिद्ध हो रही थी, जिससे ठेकेदारों की मिलीभगत और पुरानी धांधली रुकने का भय बना था।



#### सक्रिय होगा चलित प्रयोगशाला वाहन

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि चलित प्रयोगशाला वाहन सक्रिय किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और सड़कों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

### अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# जी-राम-जी योजना पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को देगा साकार रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने मील का पत्थर साबित होगा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को वीर सावरकर भवन में विकसित भारत जी-राम-जी जनजागरण अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव, भाजपा बस्तर संभाग प्रभारी व वीबो जी-राम-जी जनजागरण अभियान के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया विशेष रूप से उपस्थित थे।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। जो देश के गाँवों को विकसित बनाने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष इस योजना का विरोध कर रहा है। कांग्रेस को इस योजना से इसलिये पीड़ा हो रही है क्योंकि इस योजना में भगवान रामजी का नाम जुड़ा है। श्री जैन ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मज़दूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला है। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अन्तर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जायेगा, जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। इस योजना को लेकर प्रदेश में किसानों व श्रमिकों में उत्साह का वातावरण है। वही कांग्रेस द्वारा इस महती योजना का दुष्प्रचार किया जा रहा है।



कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने किया। कार्यशाला में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, लच्छू राम कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप,महापौर संजय पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय,बलदेव मण्डावी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, नरसिंह राव, परिस बेसरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

#### विकसित गांव से ही विकसित भारत की होगी शुरुआत

श्री लाटिया ने कहा कि विकसित गांव से ही विकसित भारत की शुरुआत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में हर परिवार को रोजगार मिले और उनका विकास हो। विकसित भारत जी-राम-जी योजना ग्रामीण भारत को विकास व रोज़गार की नई ऊचांई देने की परिकल्पना को साकार रूप देने लायी गयी है। मनरेगा में पहले जहाँ 100 दिनों का रोज़गार मिलता था,वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोज़गार की कानूनी गारण्टी मिलेगी।

#### 2047 तक विकसित भारत

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भारत के समग्र विकास और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीबी जी-राम-जी योजना का क्रियान्वयन किया है। इससे कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मज़बूती मिलेगी। विकसित भारत जी-राम-जी योजना के जनजागरण अभियान में सभी कार्यकर्ताओं को अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित करना है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यशाला के अंत में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान हादसे में हुये आकस्मिक निधन पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

नकद व मोबाइल समेत 2.44 लाख का गांजा बरामद

# तस्करी कर रही यूपी की महिला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज भेजी गई जेल

नगरनार पुलिस ने गांजा की तस्करी कर रही यूपी की महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपिया के कब्जे से 2.33 लाख रुपए का गांजा के साथ मोबाइल व नकद भी जब्त किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा सीएसपी अमित कुमार देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम द्वारा ओडिशा सरहद स्थित धनपूंजी मंडी नाका एनएच 63 के पास से एक महिला को हिरासत में लिया गया। महिला अपने बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से रायपुर की ओर जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। पुलिस टीम को देखकर वह सहम गई। भागने का प्रयास ⏭ शेष पेज 10 पर



#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

*मामले में त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई सतीश यादव, प्रधान आरक्षक अजय साहु आरक्षक दशरू नाग, कार्तिक नाग, महिला आरक्षक आशा भद्रे व सैनिक ललिता यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

## खबर संक्षेप



### बड़े डोंगर पाण्डेपारा की टीम बनी विजेता

**फरसगांव।** नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी ने आयोजित पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मुख्यअतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशान्त पात्र और उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे की अध्यक्षता में सोमवार की शाम भव्य रूप से किया गया। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फाइनल मैच बड़ेडोंगर पांडेपारा टीम और पांसगी इलेवन टीम के मध्य खेला गया। बड़ेडोंगर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विरोधी टीम को 111 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पासंगी इलेवन की टीम 82 रन पर आल आउट हो गई। इस दौरान नगर पंचायत पार्षद विनोद पांडे, फरसगांव भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष मुकेश पांडे, कुमेंद्र पांडे, दिसेंद्र यादव, सतेंद्र यादव, मोहित, गायता पुजारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51111 रु एवं ट्रॉफी दिया, उपविजेता टीम पासंगी को 25,555 हजार रु और ट्रॉफी दिया।

### कन्या कालेज की 5 छात्राएं ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में



**धनोरा।** शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय सॉफ्टबॉल महिला/पुरुष प्रतियोगिता में नवीन शासकीय कालेज धनोरा के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल से सफलता का परचम लहराया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के 5 महिला लालिमा, अनिता नाग, विमला, मनेश्वरी नाग, मनीषा जाड़े एवं 5 पुरुष योगेंद्र यादव, सन्यासी, वैभव जैन, मनीष कुमार, सूरज का चयन अमरावती महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले आगामी 'ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम' के लिए किया गया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य ओंकार प्रसाद साहू एवं समस्त प्राध्यापक ने हर्ष व्यक्त किया।

# विद्यालय भवन बच्चों के भविष्य को गढ़ने का केंद्र : उप मुख्यमंत्री साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव शहर प्रवास के दौरान सोमवार को एक निजी स्कूल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कोंडागांव विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी, छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम जगदलपुर के महापौर संजय पाण्डेय, सभापति खेमसिंह देवांगन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय भवन केवल ईंट–गारे की संरचना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को गढ़ने का स्थान होता है। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में पढ़ाई करने के बावजूद आज के बच्चों को सर्वसुविधायुक्त भवन मिलना सौभाग्य की बात है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आत्मरक्षा की क्षमता का विकास जरूरी है। कमजोर और निराश व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ पाता, जबकि ऊर्जावान और सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति सफलता अवश्य प्राप्त करता है।

## उप मुख्यमंत्री ने स्कूल भवन का किया उद्घाटन

### असफलता पर तनाव न लें, आगे बढ़े

डिप्टी सीएम ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि असफलता आने पर तनाव में न आएं, बल्कि नए उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने लक्ष्य से अधिक जीवन की सही दिशा तय करने पर बल देते हुए विद्यार्थियों से पूरे मनोयोग से पढ़ाई में जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, गोपाल दीक्षित, दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, स्कूल प्रबंधन प्रतिनिधि डॉ. जी.एस. पटनायक, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### शिक्षा सुविधाओं के विस्तार से जिले को मिलेगा लाभ: लता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने नवनिर्मित भवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जब सरकार और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तो सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। इस विद्यालय भवन के शुभारंभ से कोंडागांव जिले में शिक्षा सुविधाओं का विस्तार होगा।

## मनरेगा बचाओ संग्राम: पदयात्रा के दौरान लोगों से चर्चा कर परेशानी जानी

# मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा ने साबित कर दिया उनके आदर्श "गांधी नहीं गोडसे हैं": नेताम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केसकाल

बड़ेराजपुर विकासखंण्ड अंतर्गत गम्हरी मण्डल में "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत कांग्रेस ने पदयात्रा निकाली गई। केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम व प्रभारी नरेश ठाकुर शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान उन्होंने मनरेगा मजदूरों और ग्रामीणों से संवाद किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी, मनरेगा मजदूर और ग्रामीण शामिल रहे। यात्रा के दौरान संतराम नेताम लगातार लोगों से बात कर मनरेगा से जुड़े उनके अनुभव और परेशानियां सुनीं।

■ मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़

संतराम नेताम ने साप्ताहिक बाजार गम्हरी में नुक्कड़ सभा कों सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के मजदूरों के साथ विश्वासघात करने वाली भाजपा सरकार तानाशाही करने पर उतर आई है। कांग्रेस ने मजदूरों को आजीविका की गारंटी दी थी। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आजीविका का अधिकार दिया गया था, जिसकी भाजपा ने हत्या कर दी है। नागरिक के अधिकारियों की हत्या करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस आगे आई है। उन्होंने कहा कि देश के 12 करोड़ मजदूर जिन्होंने गांधी जी के सपनों के भारत बनाने में भूमिका निभाते हैं, उनके अधिकारों की हत्या का प्रयास किया गया है। कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम को इस योजना से जोड़ा था। भाजपा महात्मा गांधी के नाम को मिटा रही है। कांग्रेस के कार्यकाल में यह एक स्कीम थी, लेकिन भाजपा ने इसे अब एक मिशन बना दिया है। यह सरकार जनता को धोखा दे रही है। इस पूरी योजना में राम जी का नाम तक नहीं है। भाजपा और आरएसएस को जब भी मौका मिलता है वह जनता को धोखा देती है।




### योजना को पहुंचाया जा रहा नुकसान

संतराम नेताम ने आगे कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और भुगतान में देरी के जरिए इस योजना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों से आह्वान किया कि वे अपने हक के लिए संगठित रहें और आवाज उठाएं।

# साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों ने रखी अपनी मांगें



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों को सुना। जनदर्शन में प्राप्त हुए आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

ग्राम बफना निवासी शंभुनाथ ने दिव्यांग बालिका ललिता देवांगन के लिए दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन दिया। ग्राम तोतर निवासी राजेश नेताम ने ग्राम तोतर से हंगवा तक सड़क मार्ग निर्माण की मांग की। ग्राम करंडी निवासी सोमारू राम ने प्राथमिक शाला बाईबेड़ा में शिक्षक नियुक्ति की मांग रखी। ग्राम भानपुरी निवासी विजय मंडावी ने हैंडपंप स्थापना की मांग की। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने सामाजिक और विकास संबंधी कई मांगों के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई और अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर उपस्थित रहे।

# केशकाल नाका चौक से विश्रामपुरी सलना तक सड़क निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने विश्रामपुरी में केशकाल नाका चौक से सलना तक लगभग 33 किलोमीटर भारतमाला प्रोजेक्ट कनेक्टिंग रोड जो की 39.20 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा का आज भूमिपूजन किया है। केशकाल से विश्रामपुरी सड़क जो कि ओडिशा राज्य को जोड़ती है कि हालत बहुत ही खराब थी। लोक निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग के संयुक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में 27 जनवरी को विधायक नीलकंठ टेकाम ने 39.20 करोड़ की लागत से बनने वाली केशकाल नाका चौक से सलना तक 33 किलोमीटर सड़क का भूमिपूजन किया। साथ ही विश्रामपुरी जलाशय की मुख्य नहर का शीर्ष मरम्मत एवं लाइनिंग कार्य 2 करोड़ 10 लाख, विश्रामपुरी के पेंड्रावन में सती नाल में स्टाप डेम निर्माण 2 करोड़ 58 लाख की लागत से होने वाले कार्य का भूमिपूजन किया। विश्रामपुरी में भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक ने कहा की पिछले दो सालों में हमने जितनी राशि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत कराई है उतनी राशि पिछले 10 वर्षों में भी केशकाल विधानसभा में स्वीकृत नहीं हो पाई थी। आने वाले सालों में अनेकों कार्य जो कई वर्षों से लंबित है उन्हें भी पूर्ण कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य को हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। केशकाल में 11 किलोमीटर लंबी बाईपास का कार्य भी बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। बड़ेराजपुर क्षेत्र में कई वर्षों से लंबित मांग बड़े राजपूर से मुंडापारा कोपरा जो की जर्जर स्थिति पर थी, उसे भी स्वीकृत कर कार्य शुरू करवा दिया गया है। बड़ेराजपुर के पांडे पारा से रावसवाही पहुंच मार्ग भी स्वीकृत कराकर काम शुरू करवा दिया गया है। विधायक ने कहा कि 132 केवी का नया पावर हाउस जमगांव में जल्द बनाकर तैयार होगा। वहीं विश्रामपुरी में बिजली विभाग का नया उपसंभाग स्वीकृत हो गया है आने वाले दिनों में किसानों को बिजली कट की समस्या से निजात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव की जिला उपाध्यक्ष अनीता नेताम, मंडल महामंत्री रविंद्र पांडे, नेमी पांडेय एवं बीजेपी कार्यकर्ता विश्रामपुरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ वर्षों से लंबित विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा : टेकाम



# आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई प्रतिभा, किया जीवंत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनोरा

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गतिविधियों से युक्त भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चार दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, खेलभावना, सांस्कृतिक चेतना तथा बस्तर की समृद्ध परंपरा के प्रति जागरुकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही विद्यालय में कल्चरल एग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर की पारंपरिक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र कुमार साहू एवं राजेश कुमार सोरी द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन के. आर. प्रधान प्राचार्य, पीएम श्री सेजेस धनोरा द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रतिभा विकास के साथ-साथ बस्तर की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता में समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

■ चार दिनों तक विभिन्न आयोजन व हुईं प्रतियोगिताएं



### कल्चरल एग्जीबिशन में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पारंपरिक बर्तन, पारंपरिक वेशभूषा, बस्तर से संबंधित पारंपरिक खाद्य पदार्थ, पेंटिंग आर्ट्स, पारंपरिक वाद्य यंत्र, बस्तर के हाट बाजार का प्रदर्शन, पारंपरिक शिल्प कलाका जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने अत्यंत सराहा। कार्यक्रम का समापन 26 जनवरी को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती नंदनी पोटाई, जनपद अध्यक्ष केशकाल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर उसेंडी, अध्यक्ष एसएमडीसी, पीएम सेजेस धनोरा ने की। विशिष्ट अतिथि कपिलकांत नाग, जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव व नमिता जैन जनपद सदस्य केशकाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्तियों के साथ नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और नेताजी अमर रहें के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा एवं जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सांसद महेश कश्यप का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सुब्रत साहा ने परिषद के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण, रक्तदान, स्वच्छता अभियान और जन–जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे, इसलिए 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सैनिक सेवा काल में देश की रक्षा करते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।




### प्रशिक्षणार्थियों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर सांसद के कर–कमलों से ट्रांसजेंडर गंगा नेताम और प्रीति कलो को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। परिषद द्वारा धनजू राम मरकाम सरपंच, मुकेश देवांगन सामाजिक कार्यकर्ता और गजेंद्र शर्मा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। परिषद की ओर से सांसद महेश कश्यप को राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, वहीं सांसद द्वारा परिषद को मां दंतेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी, मातृशक्ति सदस्य एवं निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से सूरज यादव, अजनेर लकड़ा, सोमेश्वर भारती, रवि ठाकुर, रिकेश कुँवर, श्रीकांत तिवारी, राकेश धीवर, प्रेमसिंह देवांगन, चांदनी कोर्राम, शकुंतला कुंवर, आकांक्षा तिवारी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# जगदलपुर में संपूर्णता अभियान 2.0 का शंखनाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नीति आयोग के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के तहत बस्तर में विकास की नई इबारत लिखने के उद्देश्य से बुधवार को जगदलपुर के सिटी ग्राउंड में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव ने उपस्थित जनसमूह को बस्तर को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ शपथ दिलाई। समारोह के दौरान पिछले अभियान की उपलब्धियों को याद करते हुए बताया गया कि संपूर्णता अभियान 1.0 में बस्तर ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। उस दौरान जिला स्तर पर निर्धारित सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर बस्तर ने स्वर्ण पुरस्कार और ब्लॉक स्तर पर कांस्य पुरस्कार जीतकर अपनी क्षमता साबित की थी। इसी सफलता से प्रेरित होकर अब अभियान के दूसरे चरण का आगाज किया गया है, जो 28 जनवरी 2026 से बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती, 14 अप्रैल तक मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। इस तीन महीने के विशेष अभियान में आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशुपालन से जुड़े महत्वपूर्ण लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से शिशुओं के जन्म के समय वजन, टीबी केस नोटिफिकेशन, स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बालिकाओं के लिए क्रियाशील शौचालय, शुद्ध पेयजल और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार जैसे संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा, पशुओं के टीकाकरण और ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के नियमित आयोजन को सुनिश्चित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। विधायक किरण सिंह देव द्वारा दिलाई गई शपथ में अधिकारियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली कि वे समयबद्ध तरीके से इन लक्ष्यों को हासिल करेंगे। शपथ में विभागों के बीच आपसी समन्वय (कन्वर्जेंस), कार्यों की नियमित समीक्षा, नवाचार और जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि यह अभियान केवल सरकारी कवायद न रहकर एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले सके। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

■ विधायक ने दिलाई विकसित बस्तर के निर्माण की शपथ

# पुनर्वास केंद्र में आत्मसमर्पित माओवादियों ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस


हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए 77वां गणतंत्र दिवस ऐतिहासिक और भावनात्मक रूप से यादगार बन गया। जब पुनर्वास केंद्र नारायणपुर में आत्मसमर्पित माओवादियों ने पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया। तिरंगे को सलाम करते हुए उन्होंने राष्ट्रगान गाया और भारतमाता के जयकारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार पुनर्वास केंद्र में प्रातः 7 बजे अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर आत्मसमर्पित माओवादियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता निभाई। अपर कलेक्टर पंचभाई ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवादियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और नई शुरुआत की खुशी स्पष्ट झलक रही है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास प्रक्रिया के माध्यम से इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। आत्मसमर्पित माओवादियों ने भावुक होकर बताया कि पहले वे गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को "काला दिवस" कहते थे, लेकिन आज जब वे इस पर्व के सहभागी बने, तब उन्हें देश और संविधान का वास्तविक महत्व समझ में आया। उन्होंने कहा कि पहले भ्रम और गलत जानकारी के कारण वे सच्चाई से दूर थे, लेकिन अब सही मार्ग पर चलकर राष्ट्र के साथ जुड़ने की खुशी महसूस कर रहे हैं।



### उपडाकघर परिसर में शान से लहराया तिरंगा

**कोण्डागांव।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय उप डाकघर परिसर में कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान शान से लहराता तिरंगा राष्ट्रीय गौरव, एकता और संविधान के प्रति आस्था का प्रतीक बना। कार्यक्रम का नेतृत्व उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रध्वज फहराकर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपडाकपाल एस.एल. गोटी, दयाराम ध्रुव, शेख रूहुल ताज, डिकेश मिर्झा, नईम खान, सतेंद्र साव, देवेंद्र तिवारी, अजय कुमार पांडे, संदीप राव, चेतमन मरकाम, हरेंद्र यादव, कु. नम्रता बंधैया सहित सूर्य प्रसाद दीवान, भारत साहू, चमन नेताम, पीयूष सिन्हा, कुश पांडे, सतीश, कुंदन, मनीष, सुरेश, गीतेश राव, अनिल पटेल, राकेश मरकाम एवं डाकघर के अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा राष्ट्रगान के साथ संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय डाक विभाग निरंतर देश सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।



### जिला एवं सत्र न्यायालय तथा परिवार न्यायालय में फहराया ध्वज

**कोण्डागांव।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर तथा परिवार न्यायालय कोण्डागांव में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती किरण चतुर्वेदी एवं प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद द्वारा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गई। ध्वजारोहण पश्चात न्यायाधीशगणों ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिवस संविधान के लागू होने तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों एवं प्रेरक स्लोगनों की प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे न्यायालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो श्रीमती यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय, व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती रीमा लकड़ा सहित समस्त अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### गूंजा एक शाम संदेश के नाम



**फरसगांव।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उम्मीद सामाजिक संस्था , केवी जनरल स्टोर व पत्रकार साथियों के द्वारा एक शाम देश के नाम सरगम म्यूजिकल ग्रुप आर्केस्ट्रा का भव्य आयोजन सोमवार की रात नगर के जनपद स्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात रात करीब 9 बजे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद कोंडागांव के नियाज खान और उसके सरगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा मनमोहक देशभक्ति व पुराने गीतों के साथ शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम में एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी और एक बच्ची ने भी देशभक्ति गानों का गायन कर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, वन विभाग के एसडीओ एन के सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष रवि घोष, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, साइबर प्रभारी सौरव उपाध्याय, संगीता राव, प्रवीण राव, गणेश जायसवाल, मोहम्मद फिरोज़ मेमन, डिक्की जायसवाल, पत्रकार कुलजोत संधू ,प्रकाश नाग ,नीरज उपाध्याय ,अकरम कच्ची, इमरान पारेख, रामकुमार भारद्वाज,भरत भारद्वाज, हरीश साहू, प्रकाश पांडे सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### तस्करी कर रही...

करने लगी जिसे महिला स्टाफ के साथ मिल घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सुमन पाल पति अजय कुमार पॉल 40 वर्ष निवासी ग्राम नौवस्ता मकान नंबर 45 संजयगांधी नगर थाना हनुमंत विहार जिला कानपुर उत्तरप्रदेश बताया। मौके पर आरोपियों के पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर 2 पैकेट में रखा 4.667 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 लाख 33 हजार 350 रुपए, दो मोबाइल कीमत 10 हजार तथा नगद 1 हजार कुल 2 लाख 44 हजार 350 रुपए जब्त किया गया। महिला के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# अव्यवस्थाओं से त्रस्त बस्तर के किसान, सरकार के दावों से जमीनी हकीकत अलग : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जिला बस्तर सहित संभाग के हजारों अन्नदाता किसान इस समय धान उपार्जन की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। एग्रीटेक पोर्टल, टोकन प्रणाली एवं लेम्पस की सीमित क्षमता के चलते किसानों को धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि टोकन नहीं कटने, कैरी फारवर्ड नहीं होने और तकनीकी खामियों के कारण किसान तहसील, लेम्पस, सहकारिता, खाद्य एवं राजस्व कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विधायक लखेश्वर

## तौलाई मजदूरी भी अलग-अलग दरों पर वसूली जा रही, जो सरासर अन्याय

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि धान जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित है, लेकिन लेम्पस की प्रतिदिन की लिमिट बहुत कम होने के कारण अधिकांश केंद्रों में टोकन पहले ही कट चुके हैं। बड़ी संख्या में किसान द्वितीय किश्त का टोकन कटवाने के लिए भटक रहे हैं। किसानों की मांग है कि लेम्पस की दैनिक खरीदी सीमा बढ़ाई जाए और द्वितीय किश्त के टोकन तत्काल जारी किए जाएं। उन्होंने लेम्पसों में व्याप्त अनियमितताओं पर भी गंभीर सवाल उठाए। धान खरीदी केंद्र पर किसान तो बड़ी आस के साथ अपनी टोकन कटाने आ रहे है पर एक बार कट रहा है पर दुबारा अपनी धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों से इस तरह



की रवैया बर्दास्त नहीं करेंगे। कभी छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता था पर अब तो किसानों के बर्बादी का कारण बनते जा रहे हैं। रायपुर में हुई मंत्रिमंडल परिषद बैठक से किसानों को बड़ी उम्मीद थी कि धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं पर ठोस निर्णय लिया जाएगा, लेकिन किसानों के विषय में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं हुआ, जिससे किसानों में भारी निराशा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, तकनीकी खामियों को दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बस्तर का कोई भी किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने से वंचित न रहे।

बघेल ने कहा कि सरकार भले ही समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलों में किसानों से एक-एक दाना खरीदने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। कई ऐसे किसान हैं जिन्होंने पूर्व वर्षों में नियमित रूप से धान बेचा है, लेकिन एग्रीटेक पोर्टल लागू होने के बाद उनके खसरा या पंजीयन स्वीकार नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वनाधिकार पट्टाधारी किसान सबसे अधिक प्रभावित हैं। इन किसानों ने खेती के लिए बैंकों से ऋण लिया है। यदि धान खरीदी नहीं हुई तो ऋण वसूली संभव नहीं होगी और किसान कर्जदार बन जाएंगे, जिससे उनके परिवारों पर गंभीर मानसिक व आर्थिक संकट उत्पन्न होगा।

## बचेली व गीदम में 46 मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 किया जमा

# विशेष समुदाय के मतदाताओं का हटाया जा रहा नाम : उसमानी

भाजपा के साथ मिलीभगत कर साजिश कर रहा है चुनाव आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को पत्रवार्ता कर चुनाव आयोग, राज्य निर्वाचन व जिला निर्वाचन पर आरोप लगाते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जिले में निवासरत विशेष समुदाय वर्ग के मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि नाम

- कांग्रेस अध्यक्ष की मां सहित गीदम की निर्वाचित पार्षद भी नाम हटाने किया आवेदन

हटाये जाने का मामला बचेली व गीदम में पुख्ता रूप से उजागर हुआ है। ये खेल बीजेपी के कहने पर ही चुनाव आयोग कर रहा है। बीजेपी के कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग प्रारूप-7 में जिनको हटाना है उनके नाम बकायदा टाइप करके दे रहा है और आवेदक का नाम जहां अंकित किया जाना है, उस स्थान को खाली छोड़ दिया जाता है, जिसे बीजेपी किसी का नाम भी लिखकर फार्म को निर्वाचन कार्यालय में दे दिया जाता है।



### आवेदकों के नाम, मोबाइल नंबर व ईपिक नम्बर आपस मे मेल नहीं खाते

प्रारूप-7 में यदि आपत्ति दर्ज कराना है तो आवेदक को अपना नाम, मोबाइल नंबर और ईपिक नम्बर का उल्लेख किया जाता है, लेकिन इस मामले में आवेदकों द्वारा मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्तियों दर्शाया गया है, मोबाइल पर कॉल किये जाने पर इंदौर, छिंदवाड़ा, रीवां, महू मध्यप्रदेश, प्रयागराज उत्तरप्रदेश, बिलाईगढ़, जगदलपुर, सुकमा के निवासी रिसीव करते हैं और उनके नाम आवेदकों के नाम से अलग है और किसी भी तरह के आवेदन करने से इंकार करते हैं। साथ ही आवेदकों के ईपिक नम्बर सर्च करने पर नॉट फाउंड बता रहा है। बहुत से मोबाइल नंबर अस्थाई रूप से सेवा में भी नही है। इससे यह साबित होता है कि आवेदक पकड़ा ना जाये और उस पर कार्यवाही भी ना हो सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी की माता आशिया बेगम उस्मानी, नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 10 की वर्तमान पार्षद हीना रिजवी एवं प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी का नाम हटाने का आवेदन में आवेदक ने यह उल्लेख किया है कि ये लोग यहां से स्थायी रूप से नहीं रहते हैं। साथ ही बचेली एनएमडीसी में कार्यरत दो कर्मचारियों के बचेली नही रहते हैं इनका नाम हटाया जाय।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संतोष दुबे व विवेक देवांगन उपस्थित रहे।

### गीदम में 27 और बचेली में 19 नाम

नगरपालिका बचेली एवं नगर पंचायत गीदम में कई वर्षों से निवासरत विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 में आवेदन कर आवेदकों यह जानकारी दी गई है कि ये मतदाता स्थायी रूप से यहां नही रहते हैं। बचेली में बूथ क्रमांक 126 में 2, बूथ क्रमांक 133 में 2, बूथ क्रमांक 137 में 6, बूथ क्रमांक 140 में 6, बूथ क्रमांक 142 में 2, बूथ क्रमांक 143 में 1 और गीदम में बूथ क्रमांक 63 मे 27 नाम हटाने के लिए शामिल किया गया है। गौरतलब है कि दावा आपत्ति 22 जनवरी को समाप्त हुआ लेकिन 23 जनवरी की शाम को तहसील कार्यालय से बीएलओ को प्रारूप-7 देकर नाम हटाने की प्रक्रिया करने को कहा गया।

# जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा की कहानी उन असंख्य बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। लौह नगरी बचेली की रहने वाली 20 वर्ष बिंदिया विश्वकर्मा के पिता योगेश्वर विश्वकर्मा बचेली स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम में अनुबंध श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं तथा उनकी माता लता विश्वकर्मा गृहिणी हैं। परिवार की आय सीमित होने के कारण कई बार आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



बिंदिया की एक बहन और भाई भी है। जिनकी शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी भी उनके पिता पर थी, पिता के कार्य के कारण परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से बचेली में निवास कर रहा है, जबकि उनका मूल निवास मसुला ग्राम, जिला राजनांदगांव है। परिवार सीमित आय के कारण बिंदिया के लिए मनचाही पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन उसने परिस्थितियों से हार नहीं मानी। बिंदिया की जीवन यात्रा में बड़ा परिवर्तन उस समय आया, जब उन्होंने 11वीं कक्षा के दौरान जावंगा स्थित नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। पहले उनका सपना भवन निर्माण से जुड़ा कार्य करने का था, लेकिन नवगुरुकुल से जुड़ने के बाद उनकी सोच का दायरा विस्तृत हुआ। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कई डिजिटल माध्यम तैयार किए, अनेक असफलताओं का सामना किया, उनसे सीख ली और निरंतर आगे बढ़ती रहीं। नवगुरुकुल द्वारा आयोजित नवाचार प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने अपने ज्ञान को व्यवहार में उतारा। उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की तथा एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रतियोगिता में उनकी टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। नवगुरुकुल संस्था ने उन्हें केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि आत्मविश्वास, लोगों के सामने अपने विचार रखने की क्षमता, स्पष्ट संवाद और निरंतर सीखते रहने का संस्कार भी दिया। उनकी भाषा कौशल और तकनीकी समझ में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसके पश्चात वे जब वे पोटा केबिन कार्यक्रम से जुड़ीं। यह कार्यक्रम ग्रामीण और वंचित बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से परिचित कराने पर केंद्रित है, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। वर्तमान में बिंदिया इस कार्यक्रम में मार्गदर्शक सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। वे बच्चों को नई तकनीक की जानकारी दे रही हैं और यह समझा रही हैं कि तकनीक किस प्रकार उनके जीवन में नए अवसर खोल सकती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कई ऐसे बच्चे, जो आर्थिक कारणों से नियमित पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे, अब घर बैठे बेहतर तरीके से सीख पा रहे हैं।

# विधायक ने 144 छात्राओं को दिए साईकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत मंगलवार को बास्तानार ब्लॉक के किलेपाल स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक विनायक गोयल ने 144 छात्राओं को साईकिल का वितरण किया।

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, स्कूल तक पहुंच को आसान बनाना तथा बालिका शिक्षा को मजबूती प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विधायक विनायक गोयल ने छात्राओं को साईकिल प्रदान करते हुए कहा कि सरस्वती साईकिल योजना बालिकाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सायकल मिलने से छात्राओं की विद्यालय तक नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी कुंजी है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

बास्तानार ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में निम्नानुसार साईकिलों का वितरण किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम किलेपाल में 6, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बास्तानार में 7, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागमुण्डी पनेडा में 2, शासकीय हाई स्कूल तिरथुम में 2 सायकल, शासकीय कन्या हाई स्कूल किलेपाल में सर्वाधिक 50, शासकीय कन्या कस्तूरबा गांधी विद्यालय बास्तानार में 29, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुरांगुर में 13, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालानार में 8, शासकीय हाई स्कूल लालागुड़ा में 7, शासकीय हाई स्कूल बड़े काकलूर में 1, शासकीय हाई स्कूल कुमापारा में 6, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूतनपाल में 13 सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के चेहरे पर सायकल प्राप्त करने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्राओं ने बताया कि अब उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी।



अभिभावकों ने भी शासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को नई दिशा दे रही है। विधायक गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



# गांधी को भूल गए नेता व अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक मुख्यालय के सामने महात्मा गाधी कि मूर्ति का स्थापना किया गया है और गांधी के नाम पर चौक को जाना जाता है। साथ में मुख्यालय होने के नाते इसके बीईओ कार्यालय, बीआरसी, सीईओ ऑफिस हॉस्पिटल मुख्यालय, पीएचई कार्यालय व सबसे बड़ी बात तो तहसील, एसडीएम कार्यालय होने बावजूद कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है ओर कितना इत्तेफाक है कि तोकापाल ब्लॉक मुख्यालय के सामने गांधी धूल से ढके हुए हैं और उसी के बाजू में बीजेपी कार्यालय है जहां पर हमारे वर्तमान विधायक और जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी शिव मैडम जनपद इस रोड से गुजरते रहे है लेकिन सालों से उसे जगह पे झंडा फहराया जाता था लेकिन 26 जनवरी के दिन गांधी धूल से ढके हुए हैं और ना वहां साफ सफाई ना झंडा वंदन किया गया यह काफी सोचने का विषय है जो व्यक्ति के प्रयास से आजादी मिली उसे ही भूल गये।

# सोलर लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा केशलूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर में केशलूर चौक में पिछले लंबे समय से सोलर स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण हेतु आज अभिषेक डेविड के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के साथ क्रेडा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सुधार कार्य शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि



सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर सौर ऊर्जा लाइटें तो लगवा दी, लेकिन उनके उचित रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश लाइटें शो-पीस बनकर रह गई हैं। रात होते ही गांव की गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को पैदल चलने में परेशानी होती है। केशलूर चौक में आंध्रपदेश, तेलंगाना, ओड़िसा से भारी ट्रकों का आगमन होता है जो चौक छोटी होने के चलते लाइट कि बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है और पंचायत भी ध्यान नहीं देता, ना ही कोई प्रशासन अधिकारी। इस चौक में कोई बड़ी घटना का इंतजार होने पर सुधारा जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नकुल मौर्य, गौरव दास, रोशन राज, लक्ष्मण सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कासोली में जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन कोया करसाड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आदिवासी संस्कृति के साथ ग्राम के पेरमा गायत्ता वेडे के अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें जिले के सभी गांव से समाज प्रमुख एवं युवा उपस्थित हुए। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष जिले में वार्षिक आयोजन होता है। जिसमे जिले सभी लोगों को सामाजिक परिवेश रीति रिवाज कल्चर आदि का बोध कराया जाता है। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कासोली में जिलाध्यक्ष बल्लू भवानी, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, सामाजिक प्रमुख छविंद्र कर्मा, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष सुरेश कर्मा, मूल बस्तरीया समाज के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण कर्मा आदि के उपस्थिति में ध्वजा रोहण कर विधिवत प्रारंभ किया गया।

### पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विकासखंड कटेकल्याण के बेंगलूर, गाटम,बडेलखापाल, मंडोली स्थित पोटा केबिन आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर संस्थाओं की मूलभूत आवश्यकताओं एवं मरम्मत कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस क्रम में सर्वप्रथम पोटाकेबिन बेंगलूर पहुंचे जहां उन्होंने कक्षा-2 और कक्षा 5 वीं छात्राओं से उनकी पढ़ाई के स्तर को परखा। कक्षा-2 में उन्होंने जहां बच्चों से अंग्रेजी की वर्णमाला का पाठ करवाया। वहीं कक्षा 5 वीं में उन्होंने हिन्दी कक्षा में छात्रों से हिन्दी पाठों के पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। मौके पर छात्रों ने कलेक्टर के कहे अनुसार सही उच्चारण से पढ़कर सुनाया इसके लिए कलेक्टर ने उन्हें प्रशंसा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने कम्प्यूटर कक्ष का भी अवलोकन किया और उपस्थित शिक्षकों को चैट जीपीटी के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा देने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने आवासीय विद्यालय के भोजन कक्ष को भी देखा यहां अधीक्षक ने बताया कि पहली से आठवीं तक 349 बच्चें निवासरत है। इन बच्चों को नियमित रूप से नियमित नाश्ता, भोजन के अलावा अंडे भी दिये जाते है। मौके पर कलेक्टर ने कहा कि छात्रों की संख्या के अनुरूप एवं आवश्यकता को देखते हुए शौचालय निर्माण को प्राथमिकता से बनाया जाये।

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मना



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में गणतंत्र दिवस का आयोजन देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की सरपंच लता बघेल रहीं। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं भव्य मार्च-पास्ट के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और देशभक्ति का परिचय दिया। ध्वजारोहण के पश्चात छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति नृत्य, नाटक, गीत एवं कविताएँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मैत्री संघ स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



जगदलपुर। शहर के मैत्री संघ विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष दीपक घोष मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान की धुन से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सदैव अनुशासित रहने की बात कही। जिसके बाद छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। देशभक्ति गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। हायर कक्षा की छात्राओं के द्वारा सात प्रांतो की वेशभूषा धारण कर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। मौजूद अतिथियों सहित पालकगणों ने नन्हे बच्चों की प्रसंशा की। संस्था महासचिव सुनील साहा ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य सहित शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में देवव्रत बराल, देवाशीष चौधरी, रूपक मुखर्जी विश्वजीत भट्टाचार्य, प्राचार्य रविंद्र विश्वास एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति ने किया कपड़ा वितरण



**गीदम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति गीदम इकाई द्वारा सेवा, सहयोग एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत पुरनतराई पहुँचकर जरूरतमंद ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों को कपड़ा एवं कंबल वितरण किया गया। कपड़ा वितरण कार्य के लिए समिति के सदस्य प्रकाश राठी, आलोक ठाकुर, शिव वीर सिंह चौहान एवं संजू चौहान ग्राम पंचायत पुरणतराई पहुँचे और स्वयं उपस्थित रहकर वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों ने समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण नाका पारा में युथ क्लब जिम के सामने सम्पन्न हुआ, जिसे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गीदम के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा किए गए ध्वजारोहण से पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के प्राचार्य विजय दुबे एवं अन्य आचार्य दीदियों का सहयोग प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति को प्राप्त हुआ। समिति के सदस्यों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### बड़े चकवा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**घाटलोहंगा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, बड़े चकवा सहित क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों, पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराया गया, जो क्षेत्र में विकास, एकता और संविधान की मजबूती का प्रतीक बना। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बड़े चकवा में आयोजित मुख्य समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रगान की गूंज से गूंज उठा। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्रोसेस क्रमांक 344/2025
पेशी तारीख 05/02/2026

:: मुकदमें के फैसले के बारे में समंस ::
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं. 21/2022 सन्

अदालत :-(शिव प्रकाश त्रिपाठी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बस्तर स्थान जगदलपुर
श्रीमती बसंती बघेल..........................आवेदिका
मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक व अन्य...............
...................................................अनावेदकगण

बनामः- 01 गोप कुमार बघेल पिता स्व. जदूराम बघेल उम्र 46 वर्ष निवासी अम्बेडकर भवन के पीछे बड़े बचेली जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग.। 02 खेमबती बघेल पिता स्व. जदूराम बघेल उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नं. 3 बड़े बचेली जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग.।

क्योंकि आवेदिका ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 21/2022 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 05 माह 02 सन् 2026 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 24 माह 12 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर जज

खबर संक्षेप

### 222 वाहिनी में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस



**जगदलपुर।** 222 वाहिनी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल कैंप, कुर्चीली, बीजापुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेचन यादव (सहायक कमांडेंट) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैंप परिसर में मिठाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के गांव के बच्चों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जवानों द्वारा बच्चों और ग्रामीणों को मिठाइयाँ वितरित की गई तथा सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी विश्वास एवं सदभाव को और अधिक सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### समक्का-सरक्का मेला के लिए श्रद्धालु रवाना



**भोपालपटनम।** तहसील मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर तेलंगाना राज्य के मुलुगू जिले के मेडाराम में इस वर्ष 28 से 30 जनवरी के दौरान सुप्रसिद्ध सामक्का-सारक्का देवी मेले का आयोजन किया गया है।

### बच्चों ने पहली बार बारसूर के मंदिरों के किए दर्शन



**जगदलपुर।** पूर्व माध्यमिक शाला करंजी विकासखण्ड तोकापाल के 31 बच्चों ने शिक्षकों के साथ पहली बार प्राचीन बस्तर के छिंदक नागवंशीय राजाओं की राजधानी व ऐतिहासिक नगर बारसूर में स्थित गणेश मंदिर, मामा भांजा मंदिर एवं 32 खंबो वाला बत्तीसा मंदिर के दर्शन किए। साथ ही जिला नारायणपुर के ओरछा में स्थित हांदावाड़ा जलप्रपात की नैसर्गिक सुंदरता को देखकर खुश हुएं। प्रकृति की सौंदर्य का अनुभव लेकर बच्चों ने प्रत्येक वर्ष सामूहिक भ्रमण पर जाने की बात कहीं। इंद्रावती नदी, इंद्रावती टाइगर रिजर्व आदि के भ्रमण कर प्रभावित हुए। प्रध्यानाध्यापक जीवन लाल यादव माध्यमिक शाला करंजी ने यह जानकारी दी।

### डीएवी स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात सभी उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता और लघु नाटिकाओं ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए तालियों के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर अभिभावक अत्यंत प्रसन्न नजर आए। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत और देश के प्रति कर्तव्य का महत्व समझाया।

जिला स्तरीय जनजातीय गौरव और परंपरा का पर्व बस्तर पंडुम का शुभारंभ

# जहां कभी गोलियों की गूंज थी, आज ढोल-मांदर की थाप है : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा





- बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को दिया गया मंच

बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और जनजातीय अस्मिता को सहजने एवं संवारने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज माँ दंतेश्वरी मंदिर के पावन प्रांगण में जिला स्तरीय बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर की लोकसंस्कृति, पारंपरिक कला, नृत्य, संगीत एवं रीति-रिवाजों की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित जनसमूह को बस्तर की आत्मा से जोड़ दिया।

जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के अवसर पर मुख्य अतिथि वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी भाई-बहनों, माताओं-पिताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवा साथियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को सहेजना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत दंतेवाड़ा जिले से हुई है और उनके जीवन का आधा से अधिक समय यहीं बीता है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज बस्तर बदल रहा है, बस्तर की तस्वीर बदल रही है और देश-विदेश में बस्तर की एक नई पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मंशानुसार बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध क्षेत्र है। माँ दंतेश्वरी मंदिर, ढोलकाल, बारसूर, चित्रकूट और तीरथगढ़ जैसे अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल बस्तर की पहचान हैं। बस्तर पंडुम के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। इस आयोजन में 12 विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

मंत्री कश्यप ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने बस्तर की संस्कृति को सहज और जीवंत रखा है, और यह हम सभी का कर्तव्य है कि इस सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि पहले बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में जहाँ कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहाँ ढोल-मांदर की थाप सुनाई दे रही है, जो बस्तर के बदलते स्वरूप को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि हमें केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि पूर्वजों से मिली संस्कृति को जीकर उसकी पहचान बनानी है। अब बस्तर से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह क्षेत्र एक समृद्ध एवं विकसित बस्तर के रूप में आगे बढ़ रहा है। जो जिले पहले अति संवेदनशील कहलाते थे, वे आज प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। उन्होंने युवा वर्ग से बस्तर के पारंपरिक गीत, संगीत जैसे ''आया माचो दंतेश्वरी'' और ''साय रेला'' जैसे पारंपरिक गीतों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में फॉलों कर प्रचार-प्रसार करने को आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए दीदियों के द्वारा बनाई गई व्यंजनों का स्वाद चखा।

कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विकास की झलक को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी बस्तर पंडुम का सफल आयोजन किया गया था, जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला। इसी क्रम में इस वर्ष यह आयोजन और अधिक व्यापक रूप में किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर पंडुम कार्यक्रम की संपूर्ण परिकल्पना प्रदेश के मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह पावन अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। बस्तर पंडुम के माध्यम से हम सभी बस्तर की समृद्ध, ऐतिहासिक और जीवंत संस्कृति के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक मंचीय कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बस्तर की आत्मा को महसूस करने का सशक्त माध्यम है।

#### छात्रों के मलखंभ के प्रदर्शन ने लोगों का मन मोहा

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुति के क्रम में कुआकोंडा पोटाकेबिन-2 के छात्रों ने मलखंभ विधा में साहसिक करतब करते हुए लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अपनी फुर्ती और कलाबाजियों से मंत्रमुग्ध करते हुए छात्रों ने मलखंभ का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ग्राम मोखपाल के नतक दलों ने पारंपरिक नृत्य तथा ग्राम मड़से के कलाकारों ने ठेठ ग्रामीण हाट बाजार के जनजीवन की जीवन्त प्रस्तुति दी। इसके अलावा जगदलपुर से आए बादल एकेडमी से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रही। इस क्रम में नीति आयोग के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ (28 जनवरी से 14 अप्रैल) के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थितों को सपूर्णता अभियान के सभी सूचकांकों के संतृप्तिकरण हेतु शपथ दिलाई गई।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सदस्य छ.ग.राज्य महिला आयोग ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर,नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्यगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विजय तिवारी, संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ डीएफओ रंगानाधा रामाकृष्णा वाय, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे तथा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन,सर्व समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# नक्सलगढ़ में तैनात जवानों को राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने किया गया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धूर नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के पेदागुड़ेम स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय पर्व में जवानों के अलावा आसपास के ग्रामीण व स्कूली बच्चे भी शामिल हुए और 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया।

- नक्सल प्रभावित पेदागुड़ेम में गणतंत्र दिवस में शान से लहराया गया तिरंगा

पेदागुड़ेम स्थित 212 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाने के लिए पूरे परिसर को तिरंगे के रंगों और राष्ट्रभक्ति के उत्साह में सजाया गया था।

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि 212 बटालियन के कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान की धुन के बीच तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

कमाण्डेंट ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व और भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और जवानों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ की



महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी कार्मिकों से पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ कर्तव्य निर्वहन करने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव ने उन वीर जवानों और अधिकारियों के नामों की घोषणा की जिन्हें पुलिस वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने पदक विजेताओं के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की और कहा कि उनकी उपलब्धियां पूरी बटालियन के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान डिप्टी कमांडेंट अजय प्रताप सिंह, गौरव शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ श्याम कुमार नेतावत, सहायक कमांडेंट रोहित कुमार शुक्ला समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद थे। अधिकारियों और जवानों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया और सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

# शहर भ्रमण कर दिया गया शांति और एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरे नगर में जहां देश भक्ति का भाव देखने को मिला वहीं विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने तिरंगा यात्रा कर नगर कों देश भक्ति के रंग में घोल दिया। जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने बताया की यह यात्रा पुरे नगर में भ्रमण कर प्रत्येक भारतीय को देश भक्ति से जोड़ने और सदभावना का भाव जगाई। बस्तर शांति का टापू है और हम बस्तर सहित पुरे भारत में संदेश देना चाहते है की हम सभी एक रहेंगे तभी सेव रहेंगे। हमारी एकता ही हमारी ताकत है और यहीं भारत की पहचान भी है। बजरंग दल के जिला संयोजक विष्णु ठाकुर ने कहा की इस यात्रा का उद्देश्य सभी को देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति से जोड़ने का है । उन्होंने कहा की कुछ विदेशी ताकतें भारत को कमजोर करने के उद्देश्य से अलग अलग तरीके से युवाओं कों गुमराह करने का और मार्ग से भटकाने का कुकृत्य कर रहीं है । इन सभी बातों में हमारे नौजवान ना आये और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। बाईक रैली नगर में निकाली गई।

सदभावना तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से प्रान्त सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी, योगेंद्र कौशिक, जिला मंत्री नविन देवांगन, जविता मंडावी ने भगवा ध्वज दिखा कर किया। नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने संचालन किया। इस अवसर पर बजरंग दल विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, सुरेंद्र तिवारी, प्रेम चालकी, जागेश्वर साहू, पवन राजपूत, होमेश राठौर, योगेस रैली प्रतिक गुरु, विवेक शुक्ला, अजय प्रताप सिंह, पवन राजा,अभिषेक साहू, जसवंत जोशी, लक्ष्मीकांत, प्रियांशु, अंशु, जीतेन्द्र, आशीष सहित अन्य बजरंगी उपस्थित रहें।

# करंजी पंचायत मांग पूरा नहीं होने पर 30 को करेगा कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





बस्तर जिले के चित्रकोट परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम करंजी के समीप लगभग 29 एकड़ वन क्षेत्र में आरोपी ने जबरन कब्जा कर अतिक्रमण किया था, जिसे वन विभाग ने अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किया पर आरोपी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इससे 28 नवंबर को ग्राम सभा के सदस्यों के सहयोग से वन विभाग ने अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर हटाया, उसके बाद भी आरोपी ने वहां से हटा नहीं बल्कि वन भूमि पर कब्जा किया हुआ है। साथ ही वन समिति और ग्रामीणों के पहुंचने पर मारपीट कर रहा है। इस पर 25 जनवरी को ग्राम पंचायत करंजी में ग्राम सभा आयोजित कर आरोपी को पंचायत से हटाने का प्रस्ताव किया और 29 जनवरी तक आरोपी को पंचायत से नहीं हटाने पर 30 जनवरी को कलेक्टोरेट का घेराव करने की चेतावनी दी। पंचायत की सरपंच लक्षनी बघेल ने कहा कि ग्राम सभा के प्रस्ताव को कलेक्टर, तहसीलदार एवं एसडीओ को भेजा गया। सभा में सरपंच सहित आदिवासी समाज एवं पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, उप सरपंच गंगा यादव, सचिव नोहारू कराती, पंच अनिल, बधरू, रामनाथ, राजमन, लैखू, गांव के मुखिया मिल्कू, कोटवार, वन समिति के विनोद के साथ पंचायत के लगभग सैकड़ों ग्रामीण पुरूष, महिला, युवक, युवती के साथ चित्रकोट परिक्षेत्र रेंजर प्रकाश ठाकुर, डिप्टी रेंजर आरके मिश्रा शामिल रहे।

- आरोपी को करंजी पंचायत से हटाने की ग्राम सभा में पारित किया प्रस्ताव
- वन समिति और ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी कर रहा मारपीट
- वन विभाग ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाने के बाद भी किया जबरन कब्जा

#### अपराधी को गांव में रहने की जरूरत नहीं

ग्राम पंचायत करंजी की सरपंच लक्षनी बघेल ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को गांव में रहने की जरूरत नहीं है, इसलिए आरोपी को पंचायत से हटाया जाए। उसे तंग आकर करंजी ग्राम के समस्त ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर वन विभाग एवं राजस्व विभाग को कार्रवाई करने हेतु आदेश दिया गया था।

#### वर्षों से काबिज परिवार पर जानलेवा, किया धरना प्रदर्शन



**जगदलपुर।** ग्राम करंजी में जमीन विवाद बता खुलेआम हो रही गुंडा गर्दी के खिलाफ मंगलवार को छत्तीसगढ़ युवा मंच के संस्थापक नरेन्द्र भवानी ने नेतृत्व में गीदम रोड जिया डेरा के सामने धरना प्रदर्शन किया। भवानी ने बताया कि वर्षों से काबिज परिवार के घर बाड़ी खेत में घुसकर 7 लोगों ने सब्बल और आदि से जानलेवा हमला। इसमें एक बुजुर्ग का पैर दो जगह से तोड़ दिया तो वहीं एक युवक का सर फोड़ दिया, जिससे 12 टांका लगा। वही एक बुजुर्ग महिला के हाथ पर डंडों से वार से खून जम गया। धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर तत्काल कार्यवाही की। मामले मे भवानी ने बताया कि जिस जमीन विवाद का आरोप लगाकर कुछ दबंग लोग परिवार पर जानलेवा हमला किए।

### रजत जयंती उत्सव में किया ध्वजा का परिवर्तन





**जगदलपुर।** शहर के संतोषी वार्ड के श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेले के दौरान ध्वजारोहण संपन्न हुआ। एक ओर पारंपरिक माघ मेले का आयोजन चल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर मंदिर की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों की धूम है। बुधवार को मंदिर के शीर्ष पर स्थापित ध्वजा का परिवर्तन किया गया। इस दौरान बाबा रामदेव की पुरानी ध्वजा को उतारकर नई ध्वजा परिवर्तन किया गया। इस परंपरा का निर्वहन दीपक कुमार सुनील कुमार खत्री परिवार द्वारा किया जाता है। रजत जयंती के इस विशेष वर्ष में मंदिर परिसर को नया स्वरूप दिया गया है और अलग-अलग जिलों से कलाकारों को आमंत्रित कर भक्ति संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# बालाजी की शोभायात्रा में गोविंदा-गोविंदा के जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





- पीतांबर परिधान में कलशधारी मातृशक्ति व युवतियों की कतारें बनीं आकर्षण

बालाजी मंदिर के 25वें वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिरस में डुबो दिया। काष्ठ निर्मित सुसज्जित रथ पर भगवान बालाजी, माता आंडाल और माता पद्मावती की उत्सव मूर्तियां विराजमान रहीं। जैसे-जैसे रथ आगे बढ़ा, गोविंदा गोविंदा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और नगर आस्था के महासागर में तब्दील हो गया।

शोभायात्रा की सबसे मनोहारी छवि पीतांबर परिधान में सजी मातृशक्तियों और बड़ी संख्या में युवतियों की रही, जो सिर पर मिट्टी व पीतल के कलश लेकर अनुशासित कतारों में आगे बढ़ती रहीं। उनके साथ कदम-ताल मिलाते श्रद्धालुओं की भीड़, ढोल-मंजीरों की गूंज और भक्ति संगीत ने यात्रा को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मां दंतेश्वरी मंदिर, मेनरोड, स्टेट बैंक चौक, चाँदनी चौक, संजय बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर समाजों, संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा पुष्पवर्षा व शीतल पेयजल से शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनती थी। हर कोई रथ के दर्शन को आतुर दिखाई दिया। वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव , बेवरेज कॉपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में सम्मलित होकर भगवान बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### स्वागत, सहभागिता और श्रद्धा का संगम

शोभायात्रा के स्वागत में चेम्बर ऑफ कामर्स, गुप्ता परिवार, मिथिला समाज, कांग्रेस, बस्तर परिवहन संघ, अग्रसेन समाज, संजय बाजार लघु व्यापारी संघ, रोटरी क्लब, गुजराती समाज, चंदन एवं बंधन दास परिवार सहित अनेक संगठनों की सहभागिता रही। विभिन्न चौक-चौराहों पर भाजपा व कांग्रेस के प्रदेश, जिला, मंडल व नगर स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुए।

